E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सी.ओ.ई. / 1106 / 2026

दिनांक : 11 / 08 / 2026
अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

1. **प्राचार्य / प्राचार्या,**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. **निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी,**
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

**विषयः रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के क्रियान्वयन हेतु मेधावी छात्राओं का डाटा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित की जा रही रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत पात्र छात्राओं को स्कूटी वितरित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सातों जनपदों के महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 की स्नातक अन्तिम वर्ष उत्तीर्ण कुल छात्राओं की संख्या के सापेक्ष 05% मेधावी छात्राओं का विवरण शासन को विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रेषित किया जा चुका है, जो कि संलग्न है।

शासन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत पात्र छात्राओं से सम्बन्धित निम्नलिखित विवरण वांछित हैः–

1. छात्रा का आधार नम्बर सही एवं पूर्ण रूप से अंकित किया जाए।
2. छात्रा के परिवार की वार्षिक आय रू0 12,00,000 / – (रूपये बारह लाख) से अधिक नहीं होनी चाहिए।
3. छात्रा के आय प्रमाण–पत्र (Income Certificate Number) का क्रमांक अंकित किया जाए तथा उक्त प्रमाण–पत्र जुलाई, 2026 के पश्चात निर्गत होना चाहिए।
4. छात्रा के उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण–पत्र।

उपर्युक्त समस्त विवरण सम्बन्धित अभिलेखों से भली–भाँति मिलान एवं सत्यापन के उपरान्त ही अंकित किया जाए।

अतः आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त विभागों के निदेशक / विभागाध्यक्ष / प्रभारी एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या से अनुरोध कि अपने विभाग / संस्थान / महाविद्यालय के स्कूटी योजना हेतु पात्र छात्राओं (सूची संलग्न) के उपर्युक्त विवरण पूर्ण कराकर एक्सल फाईल एवं सम्बन्धित अभिलेख / प्रमाण–पत्र (आधार कार्ड / आय प्रमाण पत्र / निवास प्रमाण–पत्र) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की ईमेल आईडी coeoffice@csjmu.ac.in पर दिनांक 12.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें, जिससे रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत पात्र छात्राओं को स्कूटी वितरण हेतु अग्रेतर कार्यवाही समयान्तर्गत की जा सके। उक्त योजना शासन की प्राथमिकता में है इसलिए किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा विलम्ब न किया जाए।

**संलग्नकः–** यथोपरि।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 सेल / प्रभारी, कोडिंग।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

**परीक्षा नियंत्रक**

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## स्कूटी योजना से सम्बन्धित प्रारूप

| SL | Course Name | College Name | Student Name | Father Name | Roll Number | Enrollment No. | DOB | CGPA | ABD ID Student | Aadher No. | Income Annual in Rs. (Certificate Issued After July, 2026 ) | Income Annual Certificate Number (Certificate Issued After July, 2026 ) | Income Annual Certificate Date | Domicile State | Domicile Certificate Number Issued After July, 2026 | Domicile Certificate Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |